आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 20.09.2025**

**मुख्य समाचारः—**

1— स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं—आईटीबीपी ने नारायणपुर के धनोरा में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर।

2— मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में बस्तर जिले के निवासी रंजीत सिंह कश्यप सहित असम राइफल्स के दो जवान शहीद।

3— स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में रैलियां निकाली गईं—अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ।

**और**

4— नवरात्र के दौरान इस वर्ष दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए डोंगरगढ़—दुर्ग के बीच मेमू स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी—वहीं, कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों का डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव दिया जाएगा।

--------------------

**स्वस्थ नारी सशक्त परिवार/पोषण माह**

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कोरिया जिले के स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों में

छात्राओं को मासिक धर्म, स्वच्छता, एनीमिया की रोकथाम और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन के महत्व पर जागरूक किया गया।

उधर, कोंडागांव जिले में इस अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

इसी तरह, नारायणपुर जिले के धनोरा स्थित सीओबी परिसर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं को स्वच्छता, संतुलित पोषण और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के महत्व पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा।

उधर, बेमेतरा जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत परियोजना स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को ईसीसीई गतिविधियों से अवगत कराया गया।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुंगेली जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र चमारी में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक स्थलों पर अधिकारियों–कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने स्वच्छता की शपथ ली।

वहीं, सक्ती जिले में नशामुक्त भारत अभियान के लिए मिनी मैराथन रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों–कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को नशामुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई।

इसी जिले के ग्राम हरदी में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने शिविर का जायजा लिया और लोगों को निःशुल्क दवा तथा चश्मे का वितरण किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में नमो दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ घड़ी चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मिनी स्टेडियम पहुंची।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के गौरेला में स्वच्छता रैली निकाली गई। इस मौके पर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**सेवा पर्व–आयुष्मान भारत–01**

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को मज़बूत किया है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा में सुधार किया है।

**पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आया है। 2018 में, नरेंद्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है। यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।**

**पिछले साल 29 अक्टूबर को नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की थी ताकि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान वय वंदना योजना के दायरे में लाया जा सके।**

**छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के हितग्राही ने बताया कि यह योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसकी मदद से महंगा इलाज भी सुलभ हो गया है।**

**स्वस्थ भारत जो कभी एक नारा हुआ करता था, पिछले ग्यारह सालों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सच्चाई बन गया है। आज हमारा देश सभी के लिए सुलभ, किफायती और समतामूलक स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।**

**<u>माओवादी–समर्पण फैसला</u>**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–माओवादी की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने एक पत्र जारी कर कहा है कि बदलती वैश्विक और राष्ट्रीय परिस्थितियों के साथ–साथ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लगातार अपील के मद्देनजर संगठन ने हथियार डालने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सीपीआई माओवादी संगठन केंद्रीय गृहमंत्री या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्तियों या प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के लिए तैयार है।

सीपीआई माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुआ वेणुगोपाल राव ने कहा है कि पार्टी ने हथियारबंद संघर्ष पर अस्थायी विराम घोषित करने का निर्णय लिया है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि यदि माओवादी संगठन शांतिवार्ता और पुनर्वास चाहते हैं तो वे बिना शर्त हथियार डालें और देश के संविधान पर आस्था जताएं। श्री शर्मा ने आज भिलाई में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि माओवादी बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाई गई आईईडी सहित अन्य विस्फोटक सामग्रियों को हटाएं और देश के संविधान के अनुरूप लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाएं।

## मणिपुर–उग्रवादी हमला

मणिपुर में कल शाम असम राइफल्स के काफिले पर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में बस्तर निवासी एक जवान सहित कुल दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, तीन अन्य जवान घायल हुए हैं। इस हमले में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के बालेंगा गांव का जवान रंजीत सिंह कश्यप शहीद हुआ है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उग्रवादी हमले की निंदा की है। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि उनका त्याग देश की रक्षा और एकता के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## एनएचएम हड़ताल–समाप्त

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम कर्मचारी संघ ने बत्तीस दिनों से जारी अपनी हड़ताल वापस ले ली है। कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कल रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मांगे पूरी होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया और उन्हें हड़ताल वापस लिए जाने के निर्णय की जानकारी दी।

श्री साय ने एनएचएम कर्मचारियों द्वारा हड़ताल समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय और राज्यहित में उठाया गया कदम बताया।

**रेलवे–नवरात्र ठहराव**

रेलवे ने मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में नवरात्र पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुछ गाड़ियों को डोंगरगढ़ और रायपुर तक अस्थायी रूप से विस्तारित करने का निर्णय लिया है। वहीं, कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में बाईस सितंबर से एक अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव दिया गया है। रेलवे के मुताबिक गोंदिया–दुर्ग–गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक और रायपुर–डोंगरगढ़–रायपुर मेमू पैसेंजर को गोंदिया तक विस्तारित किया गया है। इसके अलावा डोंगरगढ़–दुर्ग–डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी।

वहीं, अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन ओडिशा के ब्रम्हपुर से गुजरात के उधना के बीच शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन रायपुर और गोंदिया से होकर गुजरेंगी।

इस बीच, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चक्रधरपुर और खड़गपुर मंडलों में आदिवासी कुड़मी समाज द्वारा विभिन्न स्टेशनों और लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर आंदोलन किए जाने के कारण कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इनमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस, दुर्ग–आरा, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी–टाटानगर, चेरापल्ली–पटना, वास्कोडिगामा–जसीडीह और पुणे–हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं।

**जीएसटी–स्वागत**

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों का नारायणपुर के दुकान संचालक महेन्द्र कुमार ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि जीएसटी की दर कम होने से आम जनता के साथ ही व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा आयोजित प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा–दो हजार तेईस की चयन सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन बाईस से पच्चीस सितंबर तक नवा रायपुर में किया जाएगा।

– राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण–एनएसएस की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज रायपुर में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

– जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक रीनू ठाकुर का कल मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

और

– सूरजपुर जिले के ठाड़पाथर क्षेत्र में कल शाम स्कूल से लौट रहे तीन छात्रों पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य छात्र गंभीर रूप से झुलस गए हैं।